17/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आज जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायरड के.टी. परनायक ने डी.एन. गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर और जे.एन. कॉलेज, पासीघाट में स्नातक स्तर पर मास कम्युनिकेशन कोर्स शुरू करने की मंजूरी दे दी है। अधिसूचना के अनुसार यह फ़ैस्ला मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अगवाई में की गई है। कंटेम्परेरी कम्युनिक क्लब, ईटानगर के प्रतिनिधिमंडल की एक टीम ने शिक्षा मंत्री, पी.डी. सोना को राज्य भर के सरकारी कॉलेजों और ए.पी.यू., पासीघाट में मास कम्युनिकेशन कोर्स शुरू करने लंबित अनुरोध के बारे में एक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया गया था।

0000000000000000000

जिला स्वास्थ्य सोसायटी, ईटानगर राजधानी क्षेत्र ने आज राजभवन, ईटानगर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत गैर-संचारी रोगों पर एक आउटरीच सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, राजभवन डिस्पेंसरी के एसएमओ, डॉ. जेनिफर तायेंग ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र चिकित्सा प्रदान करना और समुदाय के भीतर एनसीडी का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

0000000000000000000

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासांगलू पुल ने आज सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हायुलियांग में चल रहे बुनियादी ढांचे के विकास का निरीक्षण करते हुए कहा कि स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित साईंस लेबोरेटोरीज, मैथामैटिक्स और योगा रुम,

ग्रीन रूम के साथ एक ऑडिटॉरियम, मीड डे मील के लिए एक पेंट्री, एक सीक रुक और एक एक्जामिनेशन सेल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसमें अंजाव जिले में "शैक्षणिक मानकों को नया आकार देने" की क्षमता है। इसके बाद उन्होंने हायुलियांग जनरल ग्राउंड में 'सेवा आपके द्वार 2.0' शिविर में भी भाग लिया।

0000000000000000000000

20वें तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत रविवार को हुई। शुरुआती मैच जोन 1, 2 और 3 के बीच रखा गया। नामसाई में जोन 1 में, तिराप और चांगलांग के बीच रोमांचक मुकाबले से खेल की शुरुआत हुई। लोअर सियांग के नारी में जोन 2 में, लोअर सियांग ने लेपारादा के खिलाफ एक कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वहीं, अपर सुबनसिरी के दापोरिजो में आयोजित जोन 3 में, केई पन्योर ने क्रा दादी पर 2 गोल से पराजीत किया। इसी बीच जोन 4 ने तवांग में जोनल राउंड में अपनी शुरुआत की।

00000000000000000000

20वां तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट, जोन IV (वेस्ट जॉन), आज ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम, तवांग में शुरू हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तवांग उपायुक्त कांकी दारांग ने भाग लेने वाली टीमों से अनुशासन और खेल भावना को बनाए रखने का आग्रह किया। कैपिटल कॉम्प्लेक्स, पाक्के केसांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, बिचोम और तवांग की कुल छह टीमें इस प्रतिष्ठित क्षेत्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

000000000000000000000

तवांग के उपायुक्त कांकी दारांग ने आज अपने कांफ्रेंस हॉल में लुंगला और जेमिथांग में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बैठक की अध्यक्षता की। सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने उभरते पर्यटन स्थलों के रूप में इन स्थानों की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र की अनछुई प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध वनस्पतियों और जीवों एवं प्राचीन स्मारकों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री दारांग ने कहा है कि पर्यटन में वृद्धि से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। बैठक के दौरान, जेमिथांग के ईएसी दीवान मारा ने गोरसाम स्तूपा पर पहली बार लेजर शो का एक वीडियो भी प्रस्तुत किया, जिसमें जेमिथांग के इतिहास को दर्शाया गया है, जिसका प्रीमियर आगामी 26 से 29 मार्च को होने वाले गोरसाम कोरा महोत्सव के दौरान किया जाएगा।

0000000000000000000000

"वैक्सिन सेव्स लाईफ लेट्स गेट आवर चिल्ड्रेन वैक्सिनेटेड टूडे" के मोटो के तहत यिंगकियोंग के एसएमओ मेडिकल सुप्रीनटेडेंट डॉ. कारो टेंग द्वारा यिंगकियोंग में विशेष टीकाकरण अभियान 3.0 की शुरुआत की। यह पांच दिवसीय अभियान 22 मार्च तक जारी रहेगा।

0000000000000000000

"गीव ब्लड सेव लाईफ" के थीम के साथ रक्त केंद्र, जिला अस्पताल, यिंगकियोंग ने अपर सियांग क्रिश्चियन फोरम, महिला विंग के सहयोग से आज जनरल अस्पताल, यिंगकियोंग में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 11 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

उपायुक्त तालो जेरांग, जिला चिकित्सा अधिकारी, गेपेंग लिटिन और डिपरो, यालिक जेरांग ने भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भाग लिया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के पाक्के केसांग, पापुम पारे, लेपारादा, सियांग, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, इन जिलों में अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ तेज़ बारिश होने की संभावन व्यक्त किया गया है।

0000000000000000